सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राज.) – 333031

मिसिल सं: 35/32/2020- स्था.। दिनांक : 10.08.2023

सूचना

विषय: "आजादी का अमृत महोत्सव" के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के संबंध में ।
संदर्भ : परिषद मुख्यालय का पत्रांक 5-1(17)/2008-पीडी दिनांक 09.08.2023

हम सभी को विदित ही है कि हमारा राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "आजादी का अमृत महोत्सव" मना रहा है। इसी क्रम में परिषद मुख्यालय व सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से **'हर घर तिरंगा'** अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं।

अतः संस्थान के सभी सहकर्मियों से अनुरोध है कि हम सभी अपनी राष्ट्रभक्ति के प्रतीक रूप में अपने निवास स्थान पर तिरंगा झंडा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फ़ी लेकर संस्कृति मंत्रालय द्वारा इसके लिए जारी वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करें।

राष्ट्रध्वज "तिरंगा झंडा" फहराने के दौरान और फहराने के उपरांत भारतीय झण्डा संहिता (यथा संशोधित) के अनुपालन हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 15/1/2023-Public दिनांक 18.07.2023 के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

महेन्द्र सिंह 10/08/2023
(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी
4. श्री रवींद्र कुमार जांगिड़, सुरक्षा प्रभारी – अपेक्षित आवश्यक व्यवस्था के लिए
5. डॉ नीरज कुमार, सचिव, सीरी स्टाफ क्लब - अपेक्षित आवश्यक व्यवस्था के लिए
6. श्री किशन लाल, एमटीएस – अभियान के सुचारु संचालन हेतु अपेक्षित सहयोग के लिए
7. एआईटीजी – संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के लिए
8. संबंधित फ़ाइल
9. सूचना पट्ट